दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com



वर्ष :- 03 अंक :- 01 मुरादाबाद, 21 April 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## बुद्ध के मार्ग पर चलते तो आज जलवायु परिवर्तन का नहीं करना पड़ता सामना, ग्लोबल बौद्ध समिट में बोले पीएम




पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसा संकट इसलिए आया क्योंकि पिछली शताब्दी में कुछ देशों ने आने वाली पीढ़ियों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने आगे कहा कि आज हर व्यक्ति का हर काम किसी न किसी रूप में धरती को प्रभावित कर रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि बुद्ध का मार्ग भविष्य का मार्ग है। अगर दुनिया बुद्ध की सीखों पर चला होता तो जलवायु परिवर्तन जैसे संकट का कभी सामना नहीं करना पड़ता। बता दें, दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से 20-21 अप्रैल को राजधानी के अशोक होटल में किया जा रहा है।

### आने वाली पीढ़ी के लिए हमें सतर्क होना जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसा संकट इसलिए आया क्योंकि पिछली शताब्दी में कुछ देशों ने आने वाली पीढ़ियों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने आगे कहा कि आज हर व्यक्ति का हर काम किसी न किसी रूप में धरती को प्रभावित कर रहा है। चाहे वह हमारी लाइफस्टाइल ही क्यों न हो इसका भी प्रभाव पृथ्वी पर पड़ रहा है।

### जागरूक होने की जरूरत

उन्होंने कहा कि अगर हम चाहें तो इस संकट से पृथ्वी को उभार सकते हैं। हर व्यक्ति जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ सकता है। लोगों को जागरूक होकर प्रयास करने की जरूरत है। प्रयास से इस बड़ी समस्या से निपटा जा सकता है। यही तो बुद्ध का मार्ग है। पीएम ने कहा कि अगर दुनिया को सुखी बनाना है तो हमें स्वयं से निकलकर संसार की संकुचित सोच को त्यागना होगा। समग्रता का ये बुद्ध मंत्र ही एकमात्र रास्ता है।

### भारत सभी के साथ खड़ा

इस दौरान आपदाओं को लेकर भी पीएम मोदी ने बात की। उन्होंने कहा कि दुनिया के अलग-अलग देशों में शांति अभियान हों या तुर्किए में भूकंप जैसी आपदा हो। भारत अपना पूरा सामर्थ्य लगाकर हर संकट में सभी के साथ खड़ा होता है। बुद्ध का मार्ग है- परियत्ति, पटिपत्ति और पटिवेध यानी Theory, Practice and Realization। पिछले 9 वर्षों में भारत इन तीनों ही बिन्दुओं पर तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बुद्ध व्यक्ति से आगे बढ़ कर एक बोध हैं, बुद्ध स्वरूप से आगे बढ़कर एक सोच हैं, बुद्ध चित्रण से आगे बढ़कर एक चेतना हैं और बुद्ध की ये चेतना चिरंतर है। यह सोच शाश्वत है, ये बोध अविस्मरणीय है। इसलिए आज अलग-अलग देशों से, भौगोलिक-सांस्कृतिक परिवेश से लोग यहां एक साथ उपस्थित हैं। पीएम ने कहा कि यही भगवान बुद्ध का वो विस्तार है जो पूरी मानवता को एक सूत्र में जोड़ता है।

### 30 देशों के 171 प्रतिनिधि शामिल

इस दो-दिवसीय वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का विषय समकालीन चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया - दर्शन से अभ्यास तक है। इस शिखर सम्मेलन में लगभग 30 देशों के लगभग 171 प्रतिनिधि और भारतीय बौद्ध संगठनों के 150 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान, संघ के नेता और धर्म के अनुयायी भी इसमें भाग लिया।

## अखिलेश यादव बोले, भाजपा की रणनीति, वादा करो, भूल जाओ और बुनियादी मसलों से ध्यान हटाओ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नौ साल केंद्र में और छह साल यूपी में सत्ता में रहने के बाद भी जनहित में कोई ऐसा काम नहीं किया जिसे गिनाया जा सके। भाजपा की रणनीति मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की रही है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वादा करो, भूल जाओ और बुनियादी मसलों से ध्यान हटाओ, भाजपा की यही रणनीति है। केंद्र में नौ साल और उत्तर प्रदेश में छह साल से सत्तासीन भाजपा सरकार ने एक भी ऐसा जनहित का काम नहीं किया,

जिसे वह गिना सके। सपा अध्यक्ष ने जारी एक बयान में कहा कि भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी खत्म करने का वादा किया था, लेकिन आज दोनों चरम पर है। एमएसपी पर खरीद का सिर्फ नाटक हो रहा है। बिचौलियों और बड़ी कंपनियों ने खूब लूट की।बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसलों की नुकसान का सरकार मुआवजा तक नहीं दे पाई और न कोई मदद की। शहर में व्यापारी और आम जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है। भाजपा चुनाव में अपनी हार को देखकर अपनी षड्यंत्रकारी चालों के जरिए लोगों का ध्यान भटका कर एक बार फिर मतदाताओं को भ्रमित करना चाहती है। पर, जनता सतर्क और सावधान है। वह भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देगी। नगर निकाय चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है।

## दोहराया गया अतीक-अशरफ की हत्या का सीन, शूटरों ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, ढेर हुए दोनों



आयोग के सदस्य कॉल्विन अस्पताल जाकर घटना स्थल का मुआयना भी कर सकते हैं। आयोग में न्यायमुर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी के अलावा रिटायर्ड आईपीएस सुबेश कुमार सिंह और रिटायर्ड न्यायमूर्ति बृजेश कुमार सोनी भी शामिल हैं। अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल पर सीन रीक्रिएशन किया जा रहा है। बाइक गिराकर क्राइम सीन तैयार किया जा रहा है। इससे पहले, रिटायर्ड न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता वाला न्यायिक आयोग अतीक और अशरफ की हत्या की जांच के लिए गुरुवार को प्रयागराज पहुंचा। सर्किट हाउस में कमिश्नरेट के आला अधिकारियों और एडीजी जोन व पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक की। आयोग के सदस्य कॉल्विन अस्पताल जाकर घटना स्थल का मुआयना भी कर सकते हैं। आयोग में न्यायमुर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी के अलावा रिटायर्ड आईपीएस सुबेश कुमार सिंह और रिटायर्ड न्यायमूर्ति बृजेश कुमार सोनी भी शामिल हैं। अतीक अहमद और अशरफ के हत्या के मामले में लखनऊ से आई एसआईटी ने पीएचक्यू में पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की गई और अधिकारियों से पूछताछ की गई। इसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। घटनास्थल कॉल्विन अस्पताल के कैंपस में लगे सीसीटीवी के खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। माना जा रहा है कि इस मामले में अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। एसआईटी में सवाल उठाया कि महीनों से सीसीटीवी बंद है तो किसी ने ध्यान क्यों नहीं दिया। अस्पताल की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड में कराया गया सीन रीक्रियेशन

माफिया अतीक और अशरफ की कॉल्विन अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गठित एसआईटी ने बृहस्पतिवार को घटना स्थल का निरीक्षण कर सीन का रीक्रेयेशन कराया। उस दिन अतीक और अशरफ की सुरक्षा में तैनात सभी सिपाही और दरोगा मौजूद थे। सभी से फिर से अपनी वही पोजीशन लेने के लिए कहा गया, जिस पोजीशन में वह घटना के वक्त थे। काफी देर तक छानबीन और पूछताछ के बाद टीम सर्किट हाउस के लिए रवाना हुई।

## Terrorist Attack: आतंकियों ने घात लगातार सैन्य वाहन को विस्फोट कर उड़ाया, पुंछ में गई पांच जवानों की जान



जम्मू-कश्मीर-सैन्य अधिकारियों ने बताया कि हमला उस समय हुआ जब जवान कैंप की तरफ जा रहे थे। जिस इलाके में यह हादसा हुआ है वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिन तक मुठभेड़ भी हुई थी।जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों ने घात लगातार सैन्य वाहन पर विस्फोट से हमला कर दिया। इसमें पांच जवान शहीद हो गए हैं। चानक हुए इस हमले के बाद मौके पर सैन्य और पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर वाहन में लगी आग बुझाकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घने जंगल वाले भाटादूडियां इलाके में लगी सैन्य वाहन में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। प्राथमिक तौर पर आसमानी बिजली गिरने से घटना होने की बात सामने आई थी। अब सैन्य अधिकारियों ने आतंकी हमला होने की बात कही है। जिस इलाके में यह हादसा हुआ है वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिन तक मुठभेड़ भी हुई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ और राजोरी जिले की सीमा पर भाटादूडियां इलाके में वीरवार दोपहर को यह हादसा हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि पुंछ-जम्मू नेशनल हाईवे पर सैन्य वाहन कुछ सामान लेकर जा रहा था। इसमें जवान भी सवार थे। घने जंगल के बीच आतंकियों के एक दल ने वाहन पर हमला कर दिया।

इससे वाहन में आग भड़क उठी। इससे उसमें सवार जवान बुरी तरह से झुलस गए। इसमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पहुंचे सेना के अधिकारियों और जवानों ने से झुलसे साथियों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। उत्तरी कमान के अनुसार वीरवार को तीन बजे राजोरी सेक्टर में बिंभर गली और पुंछ सीमा पर सेना के वाहन पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। जिस समय यह हमला किया गया था उस समय इलाके में बारिश हो रही थी। बेहद कम दृश्यता का फायदा उठाकर आतंकियों ने इस घटना को अंजाम दिया। ग्रेनेड में विस्फोट होने के बाद वाहन में आग लग गई। इसमें काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के पांच जवान मौके पर ही शहीद हो गए। एक अन्य गंभीर जवान का राजोरी के सैन्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## संपादकीय Editorial

### Looking for gold in the water

Advocating for the rights of the state has been happening in the era of every government, but the Sukhu government, which is looking for gold in the water, has started advocating its point of view. Chief Minister Sukhwinder Sukhu's meeting with Center's Energy Secretary Alok Kumar has raised new questions about the state's participation in power projects. Himachal's rights are being discussed in the power projects of BBMB, SJVNL and NJPC in the state. The argument is that all these projects have reached a point where Himachal should get 40 per cent share while exploiting profitably. Himachal's arguments are being underlined at a time when the lease of the Shanan power project is about to expire. It is obvious that the Chief Minister wants to get all those rights, which Himachal should naturally get in exchange for the reorganization of Punjab. Sukhwinder Sukhu not only made Himachal's water nectar by installing water cess in advance, but also told that flowing water is gold for the state. For the first time, Himachal is fighting for its strength, on the strength of its strength. It may not be easy to establish a foothold on water, but this economic solution is our strength. The surprising thing is that Himachal, being a tenant in its own house, sometimes stood with folded hands towards BBMB, SJVNL and sometimes towards NJPC instead of getting its rights. The way Punjab-Haryana states had passed resolutions of protest on Himachal's water cess some time ago, it does not appear that the signing of water sharing will be done so easily. The Punjab government's attitude towards the Shanan power project is not one of simple dialogue and this kind of movement was seen in the past. In fact, Himachal's efforts to fight a just fight for rights remained shy or the state did not grasp the root of the issue while advocating with good manners. In such a situation, it is impossible to ignore the method adopted by Sukhwinder Sukhu broadly or the arguments he has created in the national perspective. In a way, it is a struggle for economic identity and many stages and dimensions can be seen in the future. Another war is also fixed for the economic existence of Himachal and it will be through the forest. If we became refugees due to big dam projects, then due to forests this region has been displaced for employment. After all, not only the people of the state became poor in the usefulness of the forest, but the afforestation in the seventies has also created terrible conditions for the animals.

While a majority of Himachalis did not vote in favor of reducing the area under forest in response to one of our weekly online questions, it may still be asked how much the pine trees have disturbed mountain life. It remains to be seen how much wildfires will increase again in the summer heat. In fact, Himachal's struggle is creating such ideals in the role of all hill states, which can straighten the economic backbone of many Himalayan states in future. The hill states neither get their due in the criteria of national development, nor are the schemes of the Center read according to the geographical conditions here. There should be a separate independent department of the Center to read the fate of the influential Himalayan belt of about forty MPs and decide its actual share. The Centre's feasibility report for hilly states always gets stuck like a trap while all kinds of development becomes easier in the plains and prioritized due to population pressure. It has also been seen that the central schemes giving priority to the troubled states pass through Himachal and are very kind to Jammu-Kashmir and the North-Eastern states, while peace-loving Himachal and Uttarakhand remain behind in this matter as well.

# Climate change: methane has become a challenge, the future of life on earth is in danger

Methane is a useful fuel gas, but its increasing concentration in the atmosphere is also burning the future of life on Earth. It is very important to slow down the methane formation process in nature's carbon cycle towards controlling the climate change process. If the human-caused play of climate change on our only life-giving planet continues like this, then the links of life will soon start breaking. By the way, in the Anthropocene period, the sixth great extinction of species is also going on and it is estimated that by the end of this century, about half of the species on earth will be absorbed in the cheek of time. Climate change is directly related to human activity. February this year marked one of the warmest days in known climate history on Earth, and the months ahead are set to create unique summer stories. Signs of this have started coming from North America, where the temperature of Peterborough city of Ontario province in Canada reached 30.6 degree Celsius on April 13, while the temperature here usually remained below zero these days. Meanwhile, the atmosphere remained uninterrupted. In addition to exponentially rising carbon dioxide, climate experts are eyeing another specter of global warming. That's methane. The US National Oceanic and Atmospheric Administration (NOAA) recently reported that the fourth highest annual increase in atmospheric methane emissions is expected in 2022, which is part of the overall increase in greenhouse gases. Although carbon dioxide has largely been the focus of global warming, scientists are more concerned about methane in particular after the Glasgow Climate Agreement. This is also because methane is capable of producing 87 percent more warming than carbon dioxide on a twenty-year scale. So when scientists are calling for a 45 percent reduction in carbon emissions over a decade, controlling methane emissions appears to be one of the best options. Major sources of methane emissions include oil wells, natural gas leaks, landfills, livestock, manure ponds, swamps and waterlogged paddy fields. In fact, wherever there is a lack of oxygen in the process of decomposition of organic matter and there is abundance of microorganisms in this process, the emission of carbon is less in the form of carbon dioxide and more in the form of methane. Properly managed, methane is a useful fuel gas, but its increasing concentration in the atmosphere is also burning the future of life on Earth. It is very important to slow down the methane formation process in nature's carbon cycle towards controlling the climate change process. NOAA Administrator Rick Spinrod said in a report: 'Observations collected by NOAA scientists in the year 2022 show that greenhouse gas emissions are increasing at an alarming rate and will remain in the atmosphere for thousands of years. It is time to control the pollution of greenhouse gases and reduce man-made emissions as we move towards a climate-friendly world.' The average level of methane in the atmosphere is projected to increase from 14 parts per billion to 1,911.9 ppb (parts per billion) in 2022. It was increased to 15.20 ppb in 2020 and 17.75 ppb in 2021. "We believe that more than half of methane emissions are coming from human activities, such as oil and gas extraction, agriculture, waste management and landfills," says Benjamin Poulter, a research scientist at NASA. The exact amount of methane produced by human activity and natural sources over the years is not known, but scientists say ecosystems begin to emit more methane due to warming. "If the rapid increase in methane emissions is being caused by wetlands and natural systems, that's very scary, because we can't do much to stop it," said Schindel, a former NASA climate scientist and professor at Duke University. can do. If methane leaks from the fossil fuel sector, we can make regulations. But we cannot make rules on what swamps do. New data shows that 2022 is on track to be the fifth warmest year since weather records began. But scientists are warning that 2023 could be even hotter, as a climate phenomenon called La Nina – which has a cooling effect on global temperatures – kicks off. Between 2020 and 2022, three consecutive La Nina episodes occurred in the Northern Hemisphere. But despite the La Niña triple, the European Union's climate monitoring service says 2022 was set to be the fifth warmest year on record. Global average temperatures over the past three years have been near record levels, but would have been even higher without the cooling effect of prolonged La Niña. The El Niño pattern, which is expected to be the opposite of La Niña this year, could raise the risk of extreme weather conditions and further challenge global heat records. The NOAA report states that carbon dioxide and nitrous oxide with 285 times more warming effect have also recorded a deplorable increase in 2022. Nitrous oxide, the third most important greenhouse gas emitted by humans according to NOAA, averaged 335.7 ppb, mainly from chemical production in agriculture.That is due to the indiscriminate use of fertilizers. Minimizing dependence on fossil fuels and reducing the number of ruminants are certainly suitable ways to reduce methane in the atmosphere and limit warming. The International Energy Agency estimates that methane emissions can be reduced by up to 70 percent with current technology.

# Digital economy: public services stuck in policy circles

The roundabout is an apt metaphor for the pitfalls in public policy making. This delays the promised ease of living, as delivery of essential public services is delayed at roundabout intersections. India's aspiration of a trillion dollar digital economy calls for better policy formulation and implementation. The dictionary defines a roundabout as a place where a set of roads converge and traffic goes around. The theory is that it makes movement easier. The roundabout is an apt metaphor for the pitfalls in public policy making. This delays the promised ease of living, as delivery of essential public services is delayed at roundabout intersections. Here are some intriguing examples and some observations. Education is an important element in the virtuous cycle of employment, consumption, investment and economic growth. The quality of education depends on physical and human infrastructure. A report by the Education Ministry's Standing Committee reveals that as of December, 2022, more than 9.86 lakh posts of teachers were vacant across the country. Out of these, the posts of more than 7.47 lakh teachers are vacant in primary schools. The shortage of teachers will have a serious impact on the quality of the workforce India needs. Still the state governments ignore it. Reports suggest that India is doing better in improving infrastructure. But the experiences of people living in Mumbai's Andheri are different.

Last week, he came to know that an important road bridge connecting the eastern and western parts of Andheri may not be ready by June, 2023. The Gopal Krishna Gokhale bridge, used by lakhs of people, had collapsed in July, 2018 itself. After severe criticism by the CAG, the authorities promised that the work would be expedited and at least a part of the bridge would be opened by June, 2023. It is now learned that the bridge will not be ready before the monsoon, which will add to the woes of the commuters. And the new reason being told for this delay is also interesting. It was informed that steel girders required for the construction were unavailable due to strike in the factory. This is the condition of a country where the production of crude steel has reached 124 million tonnes this year! Last year, the Brihanmumbai Municipal Corporation (BMC) floated tenders for pouring concrete on 400 km of roads in the metropolis, but this week the BMC issued a notice to the contractor for failing to start the work.

Clearly, the promptness required to address citizens' problems is affected by both policy lethargy and flexibility. The bridge's promise in Mumbai is one of many projects suffering from a culture of roundabouts in public policy. In February 2023, the Ministry of Statistics and Program Implementation published a review of projects worth more than Rs 150 crore. The review report pointed out that out of 1,418 projects, 823 projects are delayed, 346 projects have cost overruns and 316 projects have reported 'insufficient information' about the commissioning schedule. Of these, the largest number are in railways (97 out of 173) and highways (328 out of 717). There are various reasons for the delay, such as land acquisition or technical conditions or clearances. While delay in projects increases the cost. The difference between the estimated and now anticipated cost is Rs 4.46 lakh crore.

And there are some roundabouts too, whose turns are indescribable. The adoption of Aadhaar-based identification as a mechanism for providing benefits of welfare schemes, issuing documents and accessing banking/telecom services has been lauded globally. The use of biometric authentication has enabled ease of administration, business and life. A new guideline was issued by TRAI during the pandemic, according to which telecom operators are required to take 'live photographs' with date and time of customers after Aadhaar based biometric authentication while releasing new connections. The live photograph is justified by saying biometric identification is inadequate and its purpose is mysterious to say the least. A strange-and-poor practice plagues urban residents across the country – vehicles seized by the police are strewn around police stations and nearby residential areas. The problem was discussed in the Bombay High Court last week. The challenge is that there is no policy on this. Justice Girish Kulkarni and Justice RN Ladda asked the government to 'place on record any policy' to deal with seized vehicles which 'cause public nuisance by their haphazard storage'. This draws our attention to a larger issue related to this. Every year the people of the country buy about 38 lakh cars. The government is promoting the idea of phasing out vehicles older than 15 years for environmental reasons.

What is the capacity of disposal of scrapped vehicles and how effective is this policy and how prepared is the systemic mechanism to deal with it? The fact is just that the central government has plans to scrap over 1.28 lakh vehicles! Finally, the phenomenon of fraudsters targeting the elderly and vulnerable through mobile phone calls and SMS has now become an epidemic. Scams like freezing delinquent bank accounts, suspending electricity supply or disconnecting phone connectionsare coming up with new methods and threats. Those who respond to these calls or messages are subjected to threats and abuse – and thereby innocent people are duped. TRAI issues warnings from time to time and also has a format for complaints. But the gangs of criminals are working fearlessly. This situation calls for stricter prosecution like Nazir has become, and it may help if TRAI shares the number of complaints and details of criminals apprehended. India's aspiration of a trillion dollar digital economy calls for better policy formulation and implementation.

# सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरुकता पर विशेष ध्यान दिया जाये



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा वर्तमान मे सड़क दुर्घटनाओ तथा ब्लैक स्पॉटो के सम्बन्ध मे जानकारी दी तथा बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ- साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि एनएचएआई एवं ट्रैफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित नेक आदमी के विषय में समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों पर गाइडलाइन को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए तथा जारी दिशानिर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जन जागरुकता लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से गवाह बनने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा और उन्हें अस्पताल के बिल भुगतान हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा। ऐसे नेक आदमियों की सूची परिवहन विभाग को सौंपा जाए, जो गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करते हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाए जाने हेतु रोड इंजीनियरिंग, प्रवर्तन कार्यवाही, शिक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जागरूकता अभियान तथा त्वरित एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने यातायात पुलिस को निर्देश दिये कि हिट एंड रन की दुर्घटनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं इंश्योरेंस कंपनी से समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटना में मृतकों को शासन द्वारा अनुमन्य रु0 2,00,000 एवं दुघर्टना में घायल व्यक्ति को रु0 25 हजार की क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय के अनुसार किया जाता है इसका व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाये। बैठक में समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित समस्त स्टेकहोल्डर्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों से आगामी बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ( नगर ) श्री आलोक वर्मा, एसपी टैअफिक, पीडब्ल्यूडी, एमडीए, एनएचएआई, मद्य निषेद्य, ट्रेफिक पुलिस, नगर निगम, प्रबन्धक स्मार्ट सिटी बस संचालन, कपिल रस्तोगी व अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर सभी एमओआईसी को विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश



मुरादाबाद -मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीडीओ ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, रोग आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में सी0डी0ओ0 को स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी ने पीएम जन आरोग्य योजना के अंर्तगत आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर अवगत कराया कि 01 अप्रैल से 19 अप्रैल तक 27,669 कार्ड बनवा लिये गये हैं, जिस पर सीडीओ ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड बनवाने में आशा, सीएचओ, आंगनवाडी, पंचायत सहायक को लगायें और नियमित प्रगति रिपोर्ट लेते रहें। सीडीओ ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि टीकाकरण की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने मुरादाबाद अर्बन के चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता बनी रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। सी0डी0ओ0 ने चिकित्सा केन्द्रों पर उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए प्रसव इकाईयों पर तैनात कर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ठीक प्रकार से कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-कवच के तहत डेटा की शत प्रतिशत फीडिंग कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने मातृ स्वास्थ एवं बाल स्वास्थ कर्यक्रम सहित विभिन्न राजकीय स्वास्थ कार्यक्रमों के जनोन्मुखी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि नवजातों के जन्म प्रमाणन का कार्य समयबद्धता से किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में एसीएमओ डा0 विश्राम सिंह, एसीएमओ डा0 सुनील दोहरे, नोडल अधिकारी, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सी0एच0ओ0, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम, आईसीडीएस व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वार्ड की समस्याओं को देखकर लिया चुनाव लड़ने का निर्णय- हाजी मशकूर हुसैन



अफाक हुसैन
क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद मैं जैसे-जैसे निकाय चुनाव नजदीक आ रहे हैं पार्षद प्रत्याशी भी उतने ही सक्रिय नजर आ रहे हैं बता दें कि मुरादाबाद में 4 मई को निकाय चुनाव होने जा रहे हैं नामांकन के बाद अब 21 अप्रैल को पार्षद प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह लेने की बारी आ चुकी है बात अगर वार्ड 65 की, की जाए तो हाजी मशकुर खान ए एम आई एम पार्टी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं हाजी मशकुर खान ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से सऊदी में रह रहे थे लेकिन अब वह अपने लोगों में यही रह कर सभी की सेवा करना चाहते हैं आगे कहा कि अपने वार्ड की समस्याओं को देख उन्होंने वार्ड से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है हाजी मशकुर का कहना है कि उन्हें क्षेत्र के लोगों भरपूर समर्थन मिल रहा है

# सिलाई मटेरियल की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



मुरादाबाद/बिलारी- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुस्तमनगर सहसपुर में ब्लॉक कॉलोनी के पीछे मुख्य मार्ग पर स्थित सिलाई मटेरियल की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों रुपये की सामग्री जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता न मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी । जिस पर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी अख्तर अली ने बताया कि बुधवार की रात 10 बजे वह अपनी सिलाई मटेरियल की दुकान बंद करके घर चला गया था। लगभग 12 बजे राहगीरों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचा। आनन-फानन में दुकान का शटर काटकर फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार उसकी दुकान में रखे रेशम के गुल्ले, चेन, इंटरलॉक मशीन, पैकिंग मशीन, सोलर पैनल की बैटरी, काउंटर सहित अन्य सभी समान जल गया। दुकान स्वामी ने जले सामान की कीमत लाखों रुपये बताई है। दुकानदार का यह भी कहना है कि उसकी दुकान में बिजली का कनेक्शन नहीं था। सोलर पैनल से ही वह बिजली का काम करता था। दुकानदार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज देख कर कोतवाली में तहरीर दी जाएगी।

# महापौर पद के प्रत्याशी सैय्यद सलीम अख्तर निर्दलीय का नामांकन वापस, अब मैदान में 12 दावेदार



मुरादाबाद-नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में नाम वापसी का दिन रहा। महापौर पद के निर्दलीय प्रत्याशी सैयद सलीम अख्तर ने रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र सिंह के समक्ष उपस्थित होकर नाम वापस ले लिया।

वहीं मुशायरा ग्राउंड में चल रहे नगर निगम के पार्षद प्रत्याशियों के नाम वापसी कार्य का निरीक्षण जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने वार्ड नंबर 46-50 के रिटर्निंग राजेश्वर प्रताप सिंह सहित अन्य रिटर्निंग अधिकारियों से नाम वापसी कार्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों से सुनिश्चित कर लें कि कहीं किसी दबाव में वह नाम वापस तो नहीं ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह मौजूद थे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प सभागार में बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक कैम्प सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम के संबंधित अधिकारी को जलभराव की समस्या को दूर करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बाढ़ की समस्या के दृष्टिगत संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे का भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा को एनजीओ की लिस्ट को अपडेट करने तथा नाविकों के मोबाइल नम्बर को अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि डीजल, पेट्रोल व गैस सिलेण्डर की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रत्येक तहसील में संवेदनशील गांवों का चिन्हीकरण किया जाये तथा बाढ़ के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों का भण्डारण समय रहते कर लिया जाये।

जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा, ए0आर0ओ0 आपूर्ति विभाग राहुलदीप गुप्ता, सिंचाई खण्ड मुरादाबाद अधिशासी अभियंता ए0पी0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम विजेन्द्र कुमार पाल, डिप्टी सी0वी0ओ0 पशुपालन डा0 संजीव कुमार, ए0ई0 जल निगम ग्रामीण रामकुमार सहित नलकूप विभाग अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# क्षेत्र के लोगों से मिल रहा है समर्थन- मोहसिन ठेकेदार

अफाक हुसैन
क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद मैं निकाय चुनाव नजदीक आ रहे हैं जो 4 मई को होने जा रहे हैं इस चुनाव के लिए पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारी के लिए जुट गए हैं बात अगर वार्ड 35 की, की जाए तो वार्ड 35 में कांग्रेस से पार्षद प्रत्याशी मोहसिन ठेकेदार भी अपने आपको पहले पायदान पर मान रहे हैं नामांकन के बाद अब मोहसिन ठेकेदार सिंबल के लिए 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट मुशायरा ग्राउंड पहुंचेंगे मोहसिन ठेकेदार का कहना है कि उनको क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है आगे कहा कि वह वर्षों से जनता की सेवा करते आए हैं और आने वाले समय में भी सेवा करते रहेंगे

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# सांसद संजीव अरोड़ा ने आदर्श पब्लिक स्कूल को अपग्रेड करने के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - आदर्श पब्लिक स्कूल, हंबड़ां रोड, लुधियाना के बुधवार शाम को आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्षता करते हुए सांसद (राज्य सभा) संजीव अरोड़ा ने विद्यालय को कक्षा-10 से कक्षा-12 तक अपग्रेड करने में सहयोग देने के उद्देश्य से 10 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की है। समारोह में उनकी पत्नी संध्या अरोड़ा गेस्ट ऑफ ऑनर थीं। संजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्कूल को और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने समारोह के दौरान छात्रों को दिए गए नकद पुरस्कारों के बराबर वर्दी और किताबों के लिए अपनी जेब से समान अनुदान देने की भी घोषणा की। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के चेयरमैन कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ डी बी शर्मा, वाइस चेयरमैन सुधीर सहगल और महासचिव यशपाल बांगिया और प्रिंसिपल अमिता बांसल को सफलतापूर्वक और कुशलता से स्कूल चलाने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल न केवल छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहा है बल्कि अच्छे नागरिक भी बना रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में एक अच्छी शैक्षिक प्रतिभा है, जिसे वर्ष 2008 में स्थापित किया गया था। इसके अलावा, संजीव अरोड़ा ने कहा कि उन्हें पता चला है कि कई छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं और बहुत छात्रों की उपस्थिति स्कूल में 100 प्रतिशत रही है। अत्याधुनिक क्लास रूम, कंप्यूटर प्रयोगशाला, डिजिटल स्क्रीन और अन्य बुनियादी ढाँचे भी मौजूद हैं। यह केवल उत्कृष्ट प्रबंधन और स्कूल स्टाफ के कारण और लुधियाना की प्रमुख हस्तियों जैसे रूही बराड़, राधिका और विजय के सहयोग से ही संभव हो पाया है। संजीव अरोड़ा ने स्कूल प्रबंधन के चेयरमैन कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ डी बी शर्मा की सराहना की और उन्हें एक बड़ा और प्रसिद्ध शिक्षाविद् करार दिया। उन्होंने कहा कि कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ डी बी शर्मा दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के लिए बधाई के पात्र हैं। कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ डी बी शर्मा ने अपने संबोधन में अरोड़ा द्वारा स्वास्थ्य और समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा शहर के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। संजीव अरोड़ा ने छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए और विभिन्न उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को बधाई दी। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर संजीव अरोड़ा और उनकी पत्नी संध्या अरोड़ा दोनों को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# 108 एम्बुलेन्स कर्मचारियों की सेवा भाव को देखकर मरीज हुआ भावुक

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



सुरजपुर- जिला के सुप्रसिद्ध देवी धाम कुदरगढ़ के मुख्य द्वार पर सीढ़ी से गिरकर घायल हुए एक व्यक्ति। कुदरगढ़ मेला परिसर ट्रस्ट समिति के व्यवस्थापक सदस्य नवीन दुबे पिता हरिशंकर दुबे उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम धुर जब कुदरगढ़ के मुख्य द्वार में देख-रेख में लगे दुबे पैर से विकलांग थे जब सीढ़ी से नीचे उतर रहे थे तभी उनका बैशाखी टूट गया तो अचानक सीढ़ी में गिर गए उनके कंधा में गंभीर चोट आई तभी ट्रस्ट के सदस्यों ने 108 में फोन कर एम्बुलेन्स की सहायता मांगी तभी ओड़गी 108 के कर्मचारी इमरजेंसी मेडिकल




टेक्नीशियन ओमप्रकाश कुशवाहा व चालक अब्दुल अहद खान जब घटना स्थल पर पहुँचे तब देखे की मरीज चलने में अश्मर्थ है और कंधे मे गभीर चोटें आई है जिसके कारण हाथ नही उठा पा रहे थे फिर तुरन्त एम्बुलेन्स कर्मचारियों ने स्ट्रेचर में लेटाकर फिर ईएमटी पायलट दोनो सीढ़ी से नीचे एम्बुलेन्स तक लाये फिर एम्बुलेन्स में शिफ्ट कर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र ओड़गी लेकर गए जहाँ बी.एम.ओ. बंटी बैरागी ने तत्काल एक्सरे करा कर इलाज जारी किये अभी भी ओड़गी अस्पताल में इलाज जारी है

# मुस्लमान आज देखें ईद उल फितर का चांद - शाही इमाम पंजाब

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - आज यहां पंजाब के दीनी मरकज जामा मस्जिद लुधियाना से पंजाब के शाही इमाम व रूअते हिलाल कमेटी पंजाब (चांद देखने वाली कमेटी) के अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद उसमान रहमानी लुधियानवी ने पंजाब भर के मुसलमानों से अपील की है कि आज 21 अप्रैल को हर मुसलमान ईद-उल-फितर का चांद जरूर देखे। शाही इमाम ने कहा कि अगर किसी भी मुसलमान को ईद-उल-फितर का चांद नजर आ जाता है तो वह तुरन्त जामा मस्जिद लुधियाना के इस फोन नं. 0161-2722282 पर सम्पर्क करें ताकि ईद-उल-फितर के चांद का ऐलान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर 21 अप्रैल को ईद-उल-फितर का चांद नजर आ जाता है तो 22 अप्रैल दिन शनिवार को ईद-उल-फितर का पवित्र त्यौहार मनाया जायेगा अगर 21 अप्रैल को चांद नजर नहीं आता है तो 23 अप्रैल दिन रविवार को ईद-उल-फितर का पवित्र त्यौहार मनाया जायेगा।

# राजश्री कालेज में पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत रहा रिज़ल्ट

प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा। राजश्री इंस्टीट्यूट में संचालित डिप्लोमा कोर्स पॉलिटेक्निक का बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। राजश्री कॉलेज के सभी पंजीकृत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए।

इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम व शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन रहा है। संस्थान की एकेडमिक एडवाइजर मिस तूलिका अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ने को सदैव प्रेरित करता रहेगा। सफल छात्र-छात्राओं में सिविल इंजीनियरिंग ब्रान्च से पूनम शर्मा ने 80 प्रतिशत, इलेक्ट्रिकल से वसीम अहमद ने 79 प्रतिशत व मैकेनिकल से राहुल कुमार ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी ब्रान्च में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मैकेनिकल के शिखा सक्सेना, ऑटोमोबाइल से अभिषेक गंगवार, इलेक्ट्रिकल से आदित्य बुंदेला व सिविल ब्रान्च से मनोज कुमार का प्रदर्शन सरहनीय रहा। इस अवसर पर बेहतर शैक्षिक वातावरण ज्ञानोन्मुख पठन-पाठन व अनुशासन बनाने में निदेशक (शैक्षणिक) प्रो. डॉ. अनिल कुमार, डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ. साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्रधानाचार्य डॉ. सी.पी. गंगवार, डॉ. हितेन्द्र गंगवार, हरीश गंगवार, संतोष कुमार, प्रतीक्षा, प्रगति गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# जीनियस इंटरनेशनल में बच्चों को ईद के महत्व बताया

प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- नवाबगंज स्थित बी आर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को आगामी ईद के त्योहार के उपलक्ष्य में विशेष असेंबली आयोजित की गई।? बच्चों ने एक नृत्य नाटिका का मंचन किया। इस नाटक में बताया गया की ईद रमजान के बाद आती है। ईद का चांद दिखने पर लोग एक दूसरे को बधाईयां देते है। ईद वाले दिन परिवार के सदस्य व परिजन एक दूसरे के घर जाते है व मीठे पकवान खाते और खिलाते है। तत्पश्चात बच्चे एकता दूसरे के गले लगे एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाई। बच्चों की बेहतरीनति ने सभी को हर्षोलासित कर दिया। इस उपलक्ष में विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी ब सभी बच्चों व उनके परिजनों को ईद की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी शिक्षिकाओं को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आगे भी इस तरह के कायक्रम आयोजित करते रहने का आश्वासन दिया। इस उपलक्ष में विद्यालय के निदेशक अंकुर गंगवार मौजूद रहे। जिन्होंने प्रधानाचार्या के साथ सभी शिक्षकों को इस सफल कार्यक्रम की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रश्मि शर्मा व चंद्रा कुमारी ने किया। नासिर अहमद,के0 पी0 गंगवार, आसिफ, मार्फत, रहीस, नगमा,नताशा, नविष, मोनिका, वंदना, राकेश, साहिल, अंजली, पूजा ,अर्जुन सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# रिठौरा की खज़रा-फैनी, सिमैयों की मांग बढ़ी



प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- ख़्वाजा ग़रीब नमाज़ फैनी,सिवैंया,खज़ला,खजूर बनाने वाले मोहम्मद शकूर की दुकान पर लम्बी -लम्बई खरीदारों की कतारें लग रही हैं।

पिछले एक दशक से लगातार शुद्ध एवं बेहतरीन क्वालिटी की सभी खाद्य पदार्थ बनाकर रोजेदारों को उपलब्ध करवा रहे हैं। लभेड़ा उर्फ़ बुलंद, भण्डसर, बंजरिया,सावरखेड़ा, मुंडिया अहमदनगर, चावढ़, गुपलापुर, तुलसीपुर, लाड़पुर भोजीपुरा सहित सैकड़ों गांवों के लोग रोजाना खरीदारी करने पहुंचते हैं।इस काम में शकूर की बेटी नेहा,और बेटा रेहान पूरा सहयोग करते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शिक्षक-अभिभावक एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- विकास खण्ड नवाबगंज की ग्राम पंचायत समुआ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक -अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्या एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार रहे।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री आर्या एवं श्री डाक्टर आशुतोष गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा आज समाज तेजी से बदल रहा है।और तरक्की कर रहा है।इस बदलाव को लाने का मार्ग शिक्षा ही है।आज सरकारी स्कूलों में भी कान्वेंट जैसी सुविधाएं सरकार ने उपलब्ध करवा कर गरीब, मजदूर और किसान के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिल रही है। प्रधानाचार्य राजीव एवं वीरेंद्र गंगवार ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान ही बच्चों को पुस्तकें भी वितरित की गयीं। इस मौके पर शिक्षक सत्यवीर , ललित गंगवार, ए0 आर0 पी 0राजेंद्र पटेल ,डालचंद, सुरेंद्र सिंह, महेश चंद्र, प्रमोद गंगवार, प्रधान बदर अंसारी, लाल सिंह गंगवार ,महेश गंगवार ,मुरारी गंगवार, कयूम खान, के0पी0 राठौर, शुभम सक्सेना ,अतुल गुप्ता ,प्रियंका राय, पूजा, प्रीति वर्मा, शमरीन शकील अहमद , सहित तमाम स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# कई महीनों से सफाई नहीं की गई है नगर निगम नाले की सफाई कराए - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि धनीपुर जीटी रोड के किनारे जो नाला बना हुआ है उसे नाले की काफी दिनों से सफाई नहीं की गई है नगर निगम को इस संबंध में कई बार अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है जनता का कहना है कि यह नाला काफी गहरा है पानी आगे निकलने में रुकावट पैदा हो रही है जो कि जनहित में ठीक नहीं है बच्चे नाले में गिरने का भय रहता है कई बच्चे पहले गिरी भी चुके हैं मोटे भी हो चुकी हैं एक गंभीर मामला है जनता की मांग को तत्काल पूरा किया जाए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार ने यह भी कहा है कि नाले की गहराई काफी है गंदगी भरे होने के कारण पानी आगे नहीं रहा है कब निकल रहा है इसकी सफाई कराना अत्यावश्यक है सफाई कराने से पानी में रुकावट पैदा नहीं होगी बच्चे भी हो चुकी हैं जीता जागता प्रमाण है इस नाले की सफाई की तरफ ध्यान नहीं दिया गया और सफाई के नाम पर लीपापोती की गई उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसकी शिकायत माननीय मुख्यमंत्री जी को भेजी जाएगी उत्तर प्रदेश सरकार सफाई अभियान की तरफ ज्यादा ध्यान दे रही है आदेश का पालन किया जाए

# मुख्यमंत्री के बिजली का झपका ना मारने वाले बयान के उलट राज्य में लग रहे है 4 से 6 घंटे के कट-गरचा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



